पारदी गिरोह के पांच बदमाश गिरफ्तार

जुन्नारदेव, देशबन्धु। विगत 15 फरवरी 2023 को मृतक सूरज पिता भारत मेश्राम उम्र 31 साल निवासी पठानपुरा तहसील जिला चन्द्रपुर (महाराष्ट्र) अपने दोस्त अनुप उर्फ गोलू कोरेवाल के साथ भूरा भगत महादेव मेला घूमने जुन्नारदेव ट्रेन से आया हुआ था। उसी दिन रात्रि करीब सात-आठ बजे घटना स्थल सतघघरी के पास ग्राम छावड़ा में भूराभगत महादेव जाने वाले रास्ते पर सूरज मेश्राम के साथ विवाद होने पर अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा हाथ मुक्को एवं पैरों से चेहरा एवं पेट में मारपीट कर घायल कर दिया एवं मोबाइल फोन एवं नगदी रकम चार हजार रूपये लेकर चले गये थे।

घायल सूरज मेश्राम दिनांक 19 फरवरी, 2023 को वापस अपने घर चन्द्रपुर पहुंच कर एम्स अस्पताल नागपुर में भर्ती हो गया जहां उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम में डाक्टर के द्वारा मृतक सूरज मेश्राम की मृत्यु मारपीट से आई चोटो के कारण होना लेख किया गया जहां से मर्ग डायरी थाना जुन्नारदेव को प्राप्त होने पर थाना जुन्नारदेव में मर्ग क्रं. 24/2023 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच की गई।

जांच के दौरान घटना के चश्मदीद साक्षी अनुप उर्फ गोलू कोरेवाल एवं मृतक के परिजनों के कथन लेखबद्ध किये गये थाना जुन्नारदेव में दिनांक 15/08/23 को अपराध क्र. 305/23 धारा 302 भादवि का पंदीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के द्वारा अज्ञात आरोपियो की पता तलाश एवं गिरफ्तार करने हेतु दस हजार रूपये के नगद इनाम की उदघोषणा की गई।

दो साल पहले हुए अंधे हत्याकांड का खुलासा

विवेचना के दौरान साइबर सेल की सहायता से मृतक के मोबाइल के चालू होने पर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक का मोबाइल चलाने वाले व्यक्ति महाराष्ट्र राज्य के अमरावती जिले के पारदीखेड़ा के रहने वाले पारदी गिरोह के बदमाश हैं।

साइबर सेल छिंदवाड़ा से दो दिन पूर्व जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त पारदी गिरोह के सदस्य इस बार भूरा भगत महादेव मेला घूमने आये हुये हैं। थाना प्रभारी जुन्नारदेव निरीक्षक राकेश बघेल के द्वारा तत्काल ही थाने से टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु महादेव मेला भूरा भगत तरफ रवाना किया गया। आरोपी शैलेश पवार पिता विलास पवार निवासी घारेफल थाना नेर जिला अमरावती महाराष्ट्र का पचमढ़ी तरफ भूरा भगत मेला में मिला।

उससे पूछताछ की गई तो उसने अपने अन्य चार साथियो (1) सुभाष पवार (2) उमेश पवार (3) सुलेचना पवार (4) प्रिया पवार के साथ दो वर्ष पूर्व वर्ष 2023 के माह फरवरी के महादेव मेला में घूमने आने पर सतघघरी के पास महादेव मेला रोड में मृतक सूरज मेश्राम से विवाद होने पर उसकी अपने साथियों के साथ हाथ मुक्को एवं पैरो से मारपीट करना एवं उसके जेब में रखे हुए रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन एवं जेब में रखे चार हजार रूपये नगदी लेकर चले जाना बताया। पुलिस टीम के द्वारा उसके अन्य चार साथियों की तलाश महादेव मेला में की गई तो उसके अन्य चार साथी इटारसी से बैतूल तरफ जाने वाले मार्ग पर जिला अमरावती जाते हुए मिले। उन्हें अभिरक्षा में लेकर थाना में लाकर पूछताछ की गई। सभी आरोपियो के द्वारा मृतक सूरज मेश्राम के साथ मारपीट करना एवं उसका मोबाइल एवं नगदी रूपये ले जाना बताया। आरोपी शैलेश पवार से मृतक का रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन जप्त किया गया एवं सभी आरोपियों को न्यायालय जुन्नारदेव पेश किया गया जहां से सभी को जिला जेल छिंदवाड़ा भेजा गया है।

शैलेश पवार पिता विलाश पवार उम्र 21 साल निवासी घारेफल पारदीबेडा थाना नेर जिला यवतमाल, सुभाष पवार पिता भास्कर पवार उम्र 33 साल निवासी धारेफल जिला यवतमाल महाराष्ट्र, सुलेचना पवार पति उमेश पवार उम्र 34 साल निवासी ग्राम सालोड़ जगतपुर थाना मंगलोर जिला अमरावती, उमेश पवार पिता निरलिंग पवार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम सालोड़ जगतपुर थाना मंगलोर जिला अमरावती, प्रिया पवार पति सुभाष पवार उम्र 25 साल निवासी घारेफल पारदीबेडा थाना नेर जिला यवतमाल महाराष्ट्र।

साल की पहली नेशनल लोक अदालत के लिए बैठक आयोजित

सिवनी, देशबन्धु। अध्यक्ष सतीश चंद्र राय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित की जाने वाली प्रथम नेशनल लोक अदालत दिनांक आठ मार्च, 2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु गुरूवार 27 फरवरी 2025 को जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉफ्रेंसिंग हाल में दोपहर 02 बजे से जिला न्यायालय सिवनी के न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी द्वारा आगामी 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित धारा 138 एन.आई.ए. एक्ट के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने हेतु उपस्थित न्यायाधीशगणों से चर्चा की गई।

बैठक में नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले 138 एन.आई.ए. एक्ट के प्रकरणों की समीक्षा की गई।

आयोजित प्रिसिटिंग में विक्रम सिंह डावर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, अमरीश भारद्वाज न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती अर्चना यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अंशुल ताम्रकार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, केशव कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, श्रीमती तनु गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, सुश्री गार्गी शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

सार-समाचार

चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के लिए पंजीयन प्रारंभ

सिवनी, देशबन्धु । उपसंचालक कृषि विकास सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य किया जाना है। औसत अच्छी गुणवत्ता के चना, मसूर एवं राई-सरसों का समर्थन मूल्य क्रमशः 5650/- रूपये प्रति क्विंटल, 6700/-रूपये प्रति क्विंटल, तथा 5950/- रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। उपार्जन का कार्य राष्?ट्रीय उपार्जन एजेन्सी नाफेड के द्वारा किया जाना है। उपार्जन हेतु शासन द्वारा पंजीयन अवधि 20 फरवरी 2024 से 10 मार्च 2025 तक प्रस्तावित है। पंजीयन हेतु खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिले की सेवा सहकारी समितियों को, विपणन समितियों को, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समितियों को एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों का निर्धारण किया गया है उक्त सभी समितियां जिले में 75 पंजीयन केन्द्रों में गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन का कार्य कर रही है। इन्हीं 75 पंजीयन केन्द्रों में गेहूँ के साथ-साथ चना, मसूर एवं राई-सरसों का पंजीयन भी किया जाना है। इन पंजीयन केन्द्रों के अलावा कृषक भाई ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपंद पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, एम.पी.किसान एप के माध्यम से भी निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा एम.पी. ऑन लाईन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेन्टर पर, लोक सेवा केन्द्र पर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर भी शुल्क के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते है। उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ द्वारा कृषक भाईयों अपील की गई है कि वे समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं राई-सरसों के उपार्जन हेतु निर्धारित तिथी के पूर्व अपना पंजीयन करायें।

स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

सिवनी, देशबन्धु । अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी.एल.चनाप की अध्यक्षता में नगर पालिकाओं के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार 28 मार्च 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चनाप द्वारा राज?य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के बारे में विस?तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने अवगत कराया कि सिवनी नगरपालिका के प्रारूप प्रकाशन 24 वार्डों में 86158 मतदाता हैं। जिसमें 42459 पुरूष एवं 42695 महिला एवं 04 अन्य मतदाता शामिल हैं। शुक्रवार 28 फरवरी 2025 से 08 मार्च दोपहर 3.00 बजे तक प्रारूप मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। जिसका निराकरण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 13 मार्च तक कर दिया जाएगा तथा 21 मार्च को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

व्यवस्थित रुप से संपन्न हुई हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षाएं

सिवनी, देशबन्धु । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार 28 फरवरी को हाई स्कूल परीक्षा विषय उर्दू जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। जिसमें 262 दर्ज परीक्षार्थियों में 251 उपस्थित, 11 अनुपस्थित रहे। इसी तरह हायर सेकेण्डरी अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के 80 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई जिसमें कुल दर्ज 11331 परीक्षार्थियों में से 11139 उपस्थित एवं 192 अनुपस्थित रहे तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई में जिलास्तरीय निरीक्षण दल द्वारा एक नकल प्रकरण पाया गया।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

सिवनी, देशबन्धु। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में गुरूवार 27 फरवरी को श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुटुम्ब न्यायालय परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में दिनांक 08 मार्च 2025 को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता योजना, एसिड हमले से पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना के विषय पर जानकारी दी गई।

समर्थ दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा यात्रा का स्वागत

गोटेगांव, देशबन्धु । विगत दिवस नर्मदा संरक्षण एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रचार-प्रसार के लिए संत समर्थ दादा गुरु भैया जी महाराज की नर्मदा परिक्रमा यात्रा शुक्रवार को गोटेगांव पहुंची। नगर में उनके आगमन पर भक्तों में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। नगरवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दादा गुरु के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

बगलई में भव्य स्वागत एवं फल वितरण - परिक्रमा यात्रा के दौरान बगलई गांव में संत दादा गुरु भैया जी महाराज का भव्य स्वागत किया गया। सरपंच देवदत्त पचौरी के निवास पर विशेष आयोजन किया गया, जहां भक्तों ने उत्साहपूर्वक महाराज जी के दर्शन किए। इस अवसर पर परिक्रमा में शामिल सभी संतों एवं श्रद्धालुओं को फल वितरण कर सेवा भाव प्रकट किया गया।

गोटेगांव में हुआ भव्य स्वागत समारोह - गोटेगांव के सुप्रसिद्ध श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर प्रांगण में संत दादा गुरु भैया जी महाराज के आगमन पर नगरवासियों और गणमान्य नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी सरदार सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह एवं विधायक महेंद्र नागेश उपस्थित रहे। सभी ने दादा गुरु के चरणों में श्रद्धा व्यक्त की और नर्मदा संरक्षण हेतु उनके प्रयासों की सराहना की। महाराज श्री ने ठाकुर बाबा मंदिर में पहुंचकर नगर देवता श्री देव ठाकुर महाराज जी का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने नगरवासियों को धर्म, अध्यात्म और नर्मदा संरक्षण का संदेश दिया।

पारस गार्डन में विश्राम एवं शनिवार को पदयात्रा प्रस्थान - रात्रि विश्राम हेतु परिक्रमा वासियों का मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा स्थानीय परस गार्डन में भव्य स्वागत किया गया। वहां भक्तों ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया और संतों के प्रवचनों का लाभ उठाया। शनिवार प्रातः दादा गुरु भैया जी महाराज अपनी पदयात्रा को आगे बढ़ाते हुए नगर से प्रस्थान करेंगे।

नर्मदा संरक्षण के प्रति समर्पित अनोखी परिक्रमा - संत दादा गुरु भैया जी महाराज की यह परिक्रमा विशेष रूप से अनोखी है, क्योंकि वे पिछले कई महीनों से केवल नर्मदा जल ग्रहण कर पैदल यात्रा कर रहे हैं। इस परिक्रमा का प्रमुख उद्देश्य नर्मदा नदी को प्रदूषण और दुष्परिणामों से बचाने का संदेश देना है। उनके इस अद्वितीय प्रयास को गोल्डन ग्रीन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया है, जो नर्मदा संरक्षण के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को दर्शाता है। संत दादा गुरु भैया जी महाराज अपने सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के चलते प्रदेश के प्रमुख समाजसेवियों में गिने जाते हैं। इस दौरान पंकज चौकसे सतीश अग्रवाल जितेंद्र चौबे जितेंद्र ठाकुर मनीष जैन मोनू शर्मा योगेंद्र पटेल राजेश राजपूत विक्की तिवारी धनंजय नागेश शोभित राय सहित मोनू भैया मित्र मंडली के द्वारा सेवा के लिए सहयोग प्रदान किया गया।

97 कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच

गोटेगांव, देशबन्धु । विगत 28फरवरी 2025. रेलवे हॉस्पिटल पिपरिया रेलवे स्टेशन पिपरिया एवं आई ओ डब्लू पिपरिया.1. ऐनुवल. वेलनेस केम्प के आयोजन किये गये. जिसमे सभी 97 कर्मचारियों के हेल्थ चेकअप रेलवे चिकित्सक डॉ आर आर कुर्रे के द्वारा किये गये. जिसमे. जनरल हेल्थ चेकअप के साथ. बी पी. शुगर. हाईट वेट क्क्रूछ्ठ.. नाक एवं आँख गला. कान के जांच कर आवश्कता होने पर दवाई दिए गये. तथा .2. फर्स्ट ऐड के ट्रेनिंग 52लोगो को दिए गये।

जिसमे सीपीआर. मिर्गी. साप डसना. इलेक्ट्रिक शॉक. एक्सीडेंट में ब्लड कैसे रोक कर मरीज के जान बचाये. आग से जलने पर क्या करें. पानी मे डूबने. से कैसे मैनेज करें. आपत्कालीन दुर्घटना से कैसे मैनेज करें. आदि बताये गये. 3.हेल्थ एजुकेशन. के अंतर्गत. बी पी शुगर के मरीज शुबह हलके नास्ते करके ही काम में जाये. रोज एक मौसमी फल ले।

40वर्ष से ऊपर के कर्मचारियों को अपने हेल्थ चेकअप. में शुगर, बीपी के आलवा लिपिड के जांच कराये. नमक तेल. मीठा कम ले। साबुत अनाज. हाई फाइबर डाइट ले. मल्टीग्रेन आटा के रोटी खाये।

तनाव कम करने के लिए योग. एक्सरसाइज जरूर करें. सम्भव हो तो स्विमिंग जरुर करें. गर्मी में उल्टी दस्त. के साथ डी हाड्रेशन. से बचने के लिए. पानी दही. छाछ. नाररियल पानी. तरबूज ले. 4.पर्याप्त नींद लें।

5. डिहाइड्रेशन के लक्षण. सर में दर्द आना हाथ पैर ठंडे होना हाथ पैर में अकड़न होना कमजोरी बेहोशी लगना उल्टी एवं चक्कर आना एवं बुखार महसूस होना आम लक्षण है ओआरएस ले. आराम करें। बुखार सिर दर्द पर पेरासिटोमोल ले सकते है. डॉ आर आर कुर्रे ने भी यह सभी को सलाह दी है।

अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता के लिये आवेदन पांच मार्च तक

सिवनी, देशबन्धु। अधीक्षक डाकघर संभाग बालाघाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 9 से 15 वर्ष आयु तक के छात्र-छात्राओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता-202 का आयोजन किया जावेगा। उक्त प्रतियोगिता का विषय कल्पना करो की तुम महासागर हो। किसी को पत्र लिखो, जिसमें यह समझाओं कि वे तुम्हारी अच्छी देखभाल क्यों और कैसे करें। आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र संभाग के अधीक्षक डाकघर बालाघाट को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 5 मार्च निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राएँ अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषा में पत्र लेखन कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता -2025 संभागीय स्तर पर 16 मार्च (रविवार) को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जावेगी।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय आयोजन

भुआबिछिया, देशबन्धु। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के विज्ञान लोकव्यापी करण अभियान के अंतर्गत महाकौशल विज्ञान परिषद के सहयोग से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम के ऑनलाइन प्रसारण सत्र का शुभारंभ मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम समन्वयक आरती मोदी के द्वारा सर सीवी रमन के रमन प्रभाव की खोज एवं महान भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन एवं महत्वपूर्ण आविष्कारों तथा विज्ञान दिवस को मनाए जाने के उद्देश्य से छात्रों को अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को बताया कि 28 फरवरी 1928 को रमन प्रभाव की खोज के कारण इस दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई तथा विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने विषय पर निबंध लेखन, रंगोली, प्रश्नमंच, विज्ञान प्रदर्शनी तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या, शिक्षक शिक्षिकाए एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम समापन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक आरती मोदी द्वारा किया गया।

बौद्ध भिक्षुओं का अपमान अंबड़ेकरवादी नहीं करेंगे बर्दाश्त

सौसर, देशबन्धु। बोद्धगया में भिक्खु संघ के साथ किया प्रशासन ने दुर्व्यवहार..... विगत 12 फरवरी 2025 से खुले आसमान के नीचे बुध्दगया में महाबोधि महाविहार परिसर पूज्य भदत आकाश लामा के नेतृत्व में महाबोधि महाविहार बोधगया में, ब्राह्मणों के हाथों से मुक्ति, 1949 एक्ट को समाप्त करने,महाबोधि महाविहार को बौद्धों के हाथों में सोपने की मांग को लेकर भिक्खु संघ के साथ में आमरण अनशन आंदोलन किया जा रहा था।

गुरुवार 27 फरवरी की रात्रि 1 बजे प्रशासन के द्वारा बलपूर्वक अनैतिक तरीके से सभी भिक्खु संघ को यहां से हटाया गया है। जिसकी भारतीय बौद्ध महासभा राजरत्न आंबेडकर और सभी बौद्ध आम्बेडकरी संगठनों के द्वारा कड़ी निंदा की जाती है।

साथ ही अपने आपको बुध्द बाबा साहेब अंबेडकर का अनुवायी मांनने वाले सभी सामाजिक धार्मिक राजनीतिक संगठनों,राजनेताओं ने एकजुट होकर महाबोधि महाविहार बुध्दगया के आंदोलन में सहयोग करने की अपील करते है।

एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए शुक्रवार को भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरत्न आंबेडकर प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ के निर्देश पर प्रदेश भारतीय बौद्ध महासभा 4 उपाध्यक्ष चद्रभान बागड़े, जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने व्यक्त किये।

बौद्ध पदाधिकारी ने आगे बताया की तथागत बुद्ध को मानने वाले अनुयायी विश्व के 122 देशो में है। दुनिया का हरेक धर्म की पवित्र जगह उनके अनुवायीयों के पास होती है, लेकिन बुद्ध का सबसे पवित्र जगह महाबोधि महाविहार को भिक्खुओं बौध्द समाज को न सौपकर सालों से ब्राह्मनो ने कब्जे में कर रखा गया है । आज आजादी के 77 साल बाद भी बुध्दगया महाबोधि परिसर को पूरी तरह भिक्खुओं को न सौपकर विदेशों से बुध्द के नाम पर लाभ ले रहै है।

सम्राट अशोक है जिन्होंने भारत को विश्वगुरु बनाया है,वो भिक्खू भिक्खुनी ही थे जिन्होंने बुद्ध के विचार पूरे दुनिया में फैलाए है। आज उन्ही भिक्खुओं के त्याग बलिदान है की पूरी दुनिया में भारत को इज्जत सम्मान मिल रहा है। सरकार में बैठे हुए जनप्रतिनिधि जब विश्व भ्रमण पर जाते हैं तो बुद्ध के देश से आया हूं कहते हैं। उन्ही बोध्द भिक्खु संघ के साथ में बिहार प्रशासन सरकार के द्वारा बर्बरता पूर्वक व्यवहार किया जा रहा है।

हमारी मांग है कि महाबोधि महाविहार जो पूरी तरह से बुद्धिज्म का है वहाँ से ब्राह्मणों का अतिक्रमण हटा कर, भिक्खुओं को सौप देना चाहिये, बोधगया महाविहार में बने 1949 के एक्ट को तत्काल समाप्त करना चाहिए,महाबोधि परिसर और उसके अगल बगल के कम कम 3 किलोमीटर क्षेत्र को भिक्खूओ को देना चाहिए,साथ ही अन्य धर्म के लोगों के द्वारा किये अतिक्रमण को हटाना चाहिए। सरकार के द्वारा एक स्वतंत्र एक्ट बनाकर देश के सभी बौद्ध विहारो को बौद्धों के हाथों में सोपना चाहिए। जल्द ही भारतीय बौद्ध महासभा राजरत्न आंबेडकर के द्वारा संपूर्ण प्रदेश और देश में महाबोधि महाविहार के मुक्ति के लिए ज्ञापन धरने रेलिया की जाएगी।

दैनिक राशिफल

शनिवार 01 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वितीय, नक्षत्र- पूभा।

मेष
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

वृषभ
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

मिथुन
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-180-179

कर्क
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

सिंह
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

कन्या
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

तुला
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

वृश्चिक
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

धनु
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

कुंभ
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दुःख की भावना हो सकती है।

मीन
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म. 249-289

2,4,6,7,21,40,62,75,55,04,66,34